ETV BHARAT
उत्तर प्रदेश
Uttar Pradesh

नकली नोटों के सिंडिकेट का भंडाफोड़, दिल्ली-अलीगढ़ से 7.70 लाख की जाली करेंसी के साथ 4 गिरफ्तार

अलीगढ़: अलीगढ़ पुलिस को नकली नोटों की तस्करी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गैंग के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है. थाना गोरई पुलिस और क्रिमिनल इंटेलिजेंस विंग (देहात) की संयुक्त टीम ने दिल्ली और अलीगढ़ में कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है.

पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही पर कुल 7 लाख 70 हजार रुपये की नकली करेंसी बरामद की है. गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में गैंग लीडर जिकरूल हसन, बसीम, आसिफ और फरमान शामिल हैं.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/aligarh-police-arrest-fake-currency-smuggling-gang-leader-with-cash-ups26051307599